# कार्यालय अध्यक्ष, निर्वाचन मंडल, राजकीय महाविद्यालय, बाप-जोधपुर

छात्रसंघ चुनाव 2022-2023

क्रमांक:- 2163 दिनांक:- 19 अगस्त 2022

## कार्यालय आदेश

छात्रसंघ चुनाव 2022-23 में दिनांक **22 अगस्त 2022 को** नामांकन पत्र स्वीकार करने, जांच कर स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने, नामांकन पत्र भरने वाले प्रत्याशियों के स्वीकृत / अस्वीकृत नामों की सूची तैयार करने, **नाम वापिस लेने** तथा अंतिम प्रत्याशियों की सूची तैयार करने के कार्यो कों संपादित करने हेतु निम्नानुसार समिति का गठन किया जाता है :-

| *क्र.सं.* | *नामांकन पत्र संबंधी कार्य* | *प्रभारी/सदस्यों के नाम* | *स्थान* |
|---|---|---|---|
| 1. | ➢ **अध्यक्ष, महासचिव, उपाध्यक्ष, संयुक्त सचिव** (1 पद, प्रत्येक)<br>➢ **कक्षा प्रतिनिधि पद हेतु** (कुल 7 पद) | 1. **श्री जयप्रकाश**<br>2. **डॉ. योगेश शर्मा** | **महाविद्यालय कक्ष संख्या - एक** |

- रिक्त नामांकन पत्रों के सैट का विक्रय स्थल : **प्राचार्य / प्राध्यापक / कार्यालय कक्ष**
- विक्रय राशि : **50 रूपये (रसीद कटवाएं)**
- संबंधित कार्मिक : **श्री शिव कुमार, प्रयोगशाला सहायक**

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय
बाप-जोधपुर

# कार्यालय अध्यक्ष, निर्वाचन मंडल, राजकीय महाविद्यालय, बाप-जोधपुर

छात्रसंघ चुनाव 2022-23

क्रमांक:- 2162 | दिनांक:- 19 अगस्त 2022

## नामांकन-पत्र भरने वाले एवं नाम वापिस लेने वाले प्रत्याशियों के लिए दिशा-निर्देश

1. प्रत्याशी महाविद्यालय का नियमित छात्र/छात्रा होना चाहिये ।
2. प्रत्याशी का नाम महाविद्यालय के मतदाता सूची में होना चाहिए ।
3. प्रत्याशी छात्र/छात्रा को नामांकन पत्र भरने के लिए निम्न प्रमाण-पत्र साथ में लाने होंगे/लगाने होंगे :-
   - **a.** प्रत्याशी का महाविद्यालय से प्राप्त सत्र 2022-23 का परिचय पत्र/मतदाता कार्ड (मूल तथा एक प्रति) ।
   - **b.** प्रत्याशी की वर्तमान कक्षा से पूर्व की सभी परीक्षाओं एवं कक्षा 12 की अंकतालिकाएं (मूल तथा एक प्रति)।
   - **c.** प्रत्याशी की कक्षा 10 की अंकतालिका/प्रमाण पत्र या जन्म प्रमाण पत्र (मूल तथा एक प्रति) ।
   - **d.** यदि प्रत्याशी का मुख्य परीक्षा 2022 का परिणाम नहीं आया है तो 100 रू नॉन-ज्यूडिशियल स्टांप पर शपथ (प्रारूप सूचना पट्ट पर) (मूल)
   - **e.** प्रत्याशी की सत्र् 2022-23 प्रवेश शुल्क चुकाने की रसीद (मूल तथा एक प्रति) ।
   - **f.** प्रत्याशी का आधार कार्ड या भामाशाह कार्ड या पैन कार्ड या फोटोयुक्त अन्य प्रमाण पत्र (मूल तथा एक प्रति)।
   - **g.** नवीनतम रंगीन फोटोग्राफ (मूल)
   - **h.** अनुमोदक का महाविद्यालय से प्राप्त सत्र 2022-23 का परिचय पत्र/मतदाता कार्ड (मूल तथा एक प्रति) ।
   - **i.** प्रस्तावक का महाविद्यालय से प्राप्त सत्र 2022-23 का परिचय पत्र/मतदाता कार्ड (मूल तथा एक प्रति) ।
4. प्रत्याशी छात्र/छात्रा को एक प्रस्तावक तथा एक अनुमोदक छात्र/छात्राएं अपने साथ लाना होगा । उक्त प्रस्तावक तथा अनुमोदक महाविद्यालय के नियमित छात्र/छात्राएं होने चाहिए, उनके नाम मतदाता सूची में होने चाहिये ।
5. प्रत्याशी छात्र/छात्रा की न्यूनतम आयु 17 तथा अधिकतम आयु 25 वर्ष होनी चाहिये अर्थात जन्म तिथि 22 अगस्त 2005 से पश्चात की नहीं होनी चाहिये तथा 22 अगस्त 1997 से पूर्व की नहीं होनी चाहिये । अर्थात जन्म तिथि 22 अगस्त 1997 से 22 अगस्त 2005 (दोनों दिवस सम्मिलित) के मध्य होने चाहिये । आयु की गणना प्रत्याशी छात्र/छात्रा द्वारा नामांकन पत्र दाखिल करने के तिथि (*22 अगस्त 2022*) से की जाएगी ।
6. छात्र/छात्राओं के चुनाव लड़ने की योग्यता निम्नानुसार होगी :-
   - ➢ अध्यक्ष एवं महासचिव पद के लिए :- स्नातक तृतीय वर्ष कक्षा में अध्ययनरत
   - ➢ उपाध्यक्ष एवं संयुक्त सचिव पद के लिए :- स्नातक द्वितीय या तृतीय वर्ष में अध्ययनरत
7. अध्यक्ष/उपाध्यक्ष/महासचिव/संयुक्त सचिव पद के लिए आवेदन करने पर उक्त प्रस्तावक तथा अनुमोदनकर्ता छात्र/छात्राएं किसी भी कक्षा एवं वर्ग के हो सकते है जबकि कक्षा प्रतिनिधि पद के लिए आवेदन करने पर उक्त प्रस्तावक तथा अनुमोदनकर्ता उसी कक्षा एवं उसी वर्ग के होने चाहिये ।
8. रिक्त नामांकन पत्र का शुल्क है 50 रु प्रति सैट ।
9. भरे हुए नामांकन पत्र प्रत्याशी छात्र/छात्रा स्वयं उपस्थित होकर प्रस्तावक एवं अनुमोदक के साथ दिनांक 22 अगस्त 2022 को प्रातः 10:00 से अपरान्ह 3:00 बजे तक महाविद्यालय के कक्ष संख्या एक में जमा करवा सकते है । समय का विशेष ध्यान रखा जाए ।
10. नाम वापिस लेने के इच्छुक प्रत्याशी छात्र/छात्रा को स्वयं व्यक्तिशः प्राचार्य कक्ष/प्राध्यापक कक्ष/कार्यालय में उपस्थित होकर दिनांक 23 अगस्त 2022 को प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक निर्धारित प्रारूप में नाम वापिस लेने का प्रार्थना पत्र समिति को प्रस्तुत करना होगा । समिति के समक्ष उस प्रार्थना पत्र पर हस्ताक्षर करने होंगे । महाविद्यालय के नियमित छात्र/छात्राओं को भी दो गवाहों के रूप में उस पर हस्ताक्षर करना होगा । प्रारूप सूचना पट्ट पर लगा है ।

प्राचार्य/अध्यक्ष निर्वाचन मंडल
राजकीय महाविद्यालय
बाप-जोधपुर

विक्रय मूल्य : 50 रू

क्र.सं. -

# राजकीय महाविद्यालय, बाप-जोधपुर

## छात्रसंघ चुनाव 2022-23

## नामांकन पत्र

(अध्यक्ष / उपाध्यक्ष / महासचिव / संयुक्त सचिव / कक्षा प्रतिनिधि के लिए)

प्रत्याशी की नवीनतम रंगीन फोटो

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | पद जिसके लिए उम्मीदवार है | : | | | | | |
| 2. | प्रत्याशी का नाम एवं लिंग | : | | | | | पुरूष / स्त्री |
| 3. | पिता का नाम | : | श्री | | | | |
| 4. | माता का नाम | : | श्रीमती | | | | |
| 5. | कक्षा एवं संकाय | : | | वर्ग : | | Student ID No. | |
| 6. | जन्म तिथि एवं आयु (22-08-2022 को) | : | | आयु : | वर्ष | महीना | दिन |

मैं शपथपूर्वक घोषणा करता/करती हूं कि :-

1. मैं महाविद्यालय का/की नियमित छात्र/छात्रा हूं ।
2. मैं लिंगदोह समिति अनुशंसाओं, आचार संहिता तथा अनुशासन परम्पराओं का सम्मान एवं निर्वहन करूंगा/करूंगी तथा मैंने लिंगदोह समिति की प्रति प्राप्त करली है ।
3. मैंने पूर्व में कक्षा प्रतिनिधि (एक से अधिक बार) / पदाधिकारी का चुनाव नहीं लड़ा है ।
4. नामांकन पत्र में दी गयी सूचना मेरी जानकारी में सत्य तथा पूर्ण है ।

नाम एवं हस्ताक्षर प्रत्याशी :

घर का स्थायी पता :

मोबाईल नम्बर ई-मेल आई.डी.:

---

| | | | |
|---|---|---|---|
| हस्ताक्षर प्रस्तावकर्ता : | | हस्ताक्षर अनुमोदनकर्ता : | |
| नाम : | | नाम : | |
| पिता का नाम : | | पिता का नाम : | |
| कक्षा, संकाय, वर्ग, Student ID No. : | | कक्षा, संकाय, वर्ग, Student ID No. : | |

*(छात्र/छात्राएं इसे न भरे)*

**नामांकन आज दिनांक ................ को समय...............पर प्राप्त किया गया । जांच के पश्चात नामांकन पत्र सही पाया गया / सही नहीं पाया गया । अतः उपरोक्त नामांकन पत्र स्वीकृत / अस्वीकृत किया जाता है ।** *(अस्वीकृति की दशा में कारण लिखें)*

**अध्यक्ष निर्वाचन मंडल**
**राजकीय महाविद्यालय**
**बाप-जोधपुर**

हस्ताक्षर एवं नाम जांचकर्ता

नामांकन फॉर्म नमूना

# राजकीय महाविद्यालय, बाप-जोधपुर

छात्रसंघ चुनाव 2022-23

## शपथ-पत्र

मैं (नाम, कक्षा एवं वर्ग) .............................................................................**राजकीय महाविद्यालय, बाप-जोधपुर के पद** (पदनाम) .............................. का प्रत्याशी शपथपूर्वक घोषणा करता/करती हूँ कि-

1. मैं महाविद्यालय के गौरव, सम्मान, उज्ज्वल छवि, उच्च शैक्षणिक स्तर तथा अनुशासन को बनाये रखने के लिए सदैव प्रयत्नशील रहूँगा/रहूँगी ।
2. मैनें महाविद्यालय के छात्रसंघ संविधान, आचार संहिता, माननीय, उच्चतम न्यायालय द्वारा गठित लिंगदोह समिति की अनुशंसाओं, राजस्थान सरकार (शिक्षा ग्रुप-IV) विभाग, आयुक्तालय/ निदेशालय, कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर द्वारा जारी चुनाव प्रक्रिया संबंधी निर्देशों एवं प्राचार्यजी के समस्त निर्देशों को पढ़कर समझ लिया है तथा इन सभी निर्देशों का मैं अक्षरशः पालन करूँगा/करूँगी । मै राज्य सरकार द्वारा निर्धारित छात्रसंघ चुनाव की अर्हताएँ पूर्ण करता हूँ ।
3. मुझे न्यायालय द्वारा किसी भी आपराधिक कृत्य के लिये न तो दोषी ठहराया गया है न ही मेरे खिलाफ कोई भी आपराधिक प्रकरण लम्बित है ।
4. मुझे महाविद्यालय, विश्वविद्यालय या अन्य किसी सार्वजनिक परीक्षा में नकल करने का न तो दोषी घोषित किया गया है और न ही इस प्रकार का कोई अपकृत्य प्रकरण लम्बित है ।
5. परीक्षा में अनुत्तीर्ण या नियमित प्रवेश निरस्त या किसी अन्य महाविधालय में नियमित प्रवेश लेने पर मेरा चुनाव निरस्त माना जायेगा ।
6. मै किसी भी राजकीय, अर्द्ध राजकीय या अराजकीय संस्थान में किसी भी पद पर कार्यरत नही हूँ ।
7. मैने अपने अब तक के सम्पूर्ण महाविद्यालय के छात्र जीवन काल (इस तथा अन्य किसी भी महाविद्यालय) में छात्र संघ पदाधिकारी हेतु उम्मीदवारी प्रस्तुत नहीं की है ।
8. मै छात्रसंघ चुनाव 2022-23 के आय-व्यय सम्बंधी समस्त ब्यौरा दिनांक 20 सितम्बर 2022 तक महाविद्यालय में प्रस्तुत कर दूँगा/दूंगी ।
9. मेरे या मेरे अधिकृत चुनाव ऐजेन्ट द्वारा उपर्युक्त वर्णित किसी भी शपथपूर्वक घोषणा का चुनाव के दौरान या चुनाव के पश्चात् विपरीत आचरण किये जाने पर मेरी चुनाव में उम्मीदवारी अथवा चुनाव निरस्त करने का पूर्ण अधिकार प्राचार्य जी को प्राप्त होगा ।

मैं यह शपथ-पत्र स्वेच्छा से बिना किसी दबाव के तथा पूर्ण होश-हवास में प्रस्तुत कर रहा/रही हूँ ।

| | | |
|---|---|---|
| नाम एवं हस्ताक्षर प्रत्याशी : | | |
| घर का विस्तृत पता : | | |
| मोबाईल नम्बर ई-मेल आई.डी.: | | |

प्रत्याशी (नाम व पद)...................................................................... ने मेरे समक्ष हस्ताक्षर किये है।

**मुख्य निर्वाचन अधिकारी**

13. छात्रसंघ चुनाव 2022 में छात्रसंघ पदाधिकारी का चुनाव लड़ने के इच्छुक विद्यार्थियों से रूपये 100/–का नॉन ज्यूडिशियल स्टांप पेपर पर शपथ पत्र लिया जाए कि परीक्षा परिणाम घोषित होने के पश्चात यदि कोई निर्वाचित पदाधिकारी परीक्षा परिणाम के उपरांत लिंगदोह समिति के अनुसार निर्वाचन की योग्यता पूर्ण नहीं करता है तो उसका निर्वाचन स्वतः ही निरस्त हो जाएगा।

**रूपये 100/– के नॉन ज्यूडिशियल स्टांप पेपर उन्हीं विद्यार्थियों को बनावाना है जिनका परीक्षा परिणाम 2022 घोषित नहीं हुआ है तथा वे छात्रसंघ चुनाव 2022 का चुनाव लड़ने के इच्छुक है तथा स्टांप पेपर की भाषा निम्नानुसार होनी चाहिये ।**

मनके ......................... पुत्र/पुत्री श्री ......................................... उम्र .................... वर्ष ............... निवासी ........ ........................................................................................... का हूँ। जो कि शपथपूर्वक बयान करता/करती हूँ–

1. यह कि मैने सत्र 2021–22 में कक्षा .................. की परीक्षा दी है जिसका परीक्षा परिणाम अभी तक घोषित नहीं हुआ है।
2. यह कि मैं छात्रसंघ चुनाव 2022 में ...................................... पद हेतु प्रत्याक्षी हूँ।
3. यह कि परीक्षा परिणाम घोषित होने के पश्चात् यदि परीक्षा परिणाम के कारण में लिंगदोह समिति के अनुसार निर्वाचन की योग्यता पूर्ण नहीं करता हूँ तो मेरा निर्वाचन स्वतः ही निरसत माना जावे । मुझे इस हेतु कोई आपत्ति नहीं होगी।

# राजकीय महाविद्यालय, बाप-जोधपुर

छात्रसंघ चुनाव 2022-23

## नामांकन-पत्र जांच की चैक-लिस्ट

(सभी नामांकन पत्रों के लिए अलग-अलग भरकर उनके साथ स्टैपल की जाए)

| | |
|---|---|
| प्रत्याशी का नाम : | प्रत्याशी का पद : |

| *क्र.सं.* | *जांच के बिंदु* | *OK / Not OK / NA* |
|---|---|---|
| 1. | प्रत्याशी की जन्म-तिथि 22 अगस्त 1997 तथा 22 अगस्त 2005 के मध्य होनी चाहिये (दोनों दिवस सम्मिलित) *(10वीं की अंकतालिका/जन्म प्रमाण पत्र से जांच करें)* | |
| 2. | प्रत्याशी स्नातक तृतीय वर्ष या उससे उच्च कक्षा में अध्ययनरत है तथा **अध्यक्ष/महासचिव** पद हेतु आवेदन किया है या प्रत्याशी स्नातक द्वितीय वर्ष या उससे उच्च कक्षा में अध्ययनरत है तथा **उपाध्यक्ष/संयुक्त सचिव** पद हेत आवेदन किया है । | |
| 3. | प्रत्याशी का किसी भी पूर्व की परीक्षा में कोई बकाया नहीं है (*बिंदु 4 भी देखें*)। *(12वीं एवं उससे पश्चात की (2022 मुख्य परीक्षा तक) सभी मूल अंकतालिकाओं की जांच करें)* | |
| 4. | **यदि प्रत्याशी का मुख्य परीक्षा 2022 का परीक्षा परिणाम अभी तक घोषित नहीं हुआ है तो** 100 रू के नॉन-ज्यूडिशियल स्टाँप पर शपथ पत्र *(जिसका विवरण प्रत्याशी को दिया गया था)* | |
| 5. | प्रत्याशी का नाम वोटर लिस्ट में है । | |
| 6. | प्रत्याशी ने शपथ पत्र प्रस्तुत किया है । | |
| 7. | नामांकन पत्र के सभी पृष्ठों के निर्धारित स्थान पर प्रत्याशी के हस्ताक्षर हैं (कुल 2) | |
| 8. | संपूर्ण नामांकन पत्र भरा है तथा उसमें कोई भी प्रविष्टि रिक्त नहीं है । | |
| 9. | सत्यापित प्रतियां है: 12वीं, वर्तमान तक की अंकतालिकाएं, महाविद्यालय से प्राप्त परिचय पत्र/मतदाता कार्ड 2022-23 का, कक्षा 10की अंकतालिका/प्रमाण पत्र या जन्म प्रमाण पत्र, आधार या भामाशाह या पैन कार्ड, 2022-23 के प्रवेश शुल्क चुकाने की रसीद | |
| 10. | प्रस्तावक के हस्ताक्षर | |
| 11. | प्रस्तावक का नाम मतदाता सूची में | |
| 12. | प्रस्तावक की सत्यापित प्रति : महाविद्यालय से प्राप्त परिचय पत्र/मतदाता कार्ड 2022-23 का | |
| 13. | अनुमोदक के हस्ताक्षर | |
| 14. | अनुमोदक का नाम मतदाता सूची में | |
| 15. | अनुमोदक की सत्यापित प्रति : महाविद्यालय से प्राप्त परिचय पत्र/मतदाता कार्ड 2022-23 का | |

- सभी बिंदुओं में OK होना चाहिये (बिंदु 4 उन प्रत्याशियों के लिए Not Applicable होगा जिनका मुख्य परीक्षा 2022 का परिणाम घोषित हो चुका है) ।

हस्ताक्षर एवं नाम जांचकर्ता

सेवा में,

**अध्यक्ष**
छात्रसंघ चुनाव 2022-23 निर्वाचन मंडल
राजकीय महाविद्यालय
**<u>बाप-जोधपुर</u>**

<u>विषय</u>: छात्रसंघ चुनाव 2022-23 की प्रत्याशी के रूप में नाम वापिस लेने बाबत ।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत निवेदन है कि

1. मैंने छात्रसंघ चुनाव 2022-23 में -------------------- पद हेतु नामांकन पत्र दाखिल किया है तथा मेरा नामांकन पत्र वैध पाया गया है ।
2. किन्हीं कारणों से मैं ------------------ पद का चुनाव नहीं लड़ना चाहता/चाहती हूं । मैं उक्त पद की उम्मीदवारी से अपना नाम वापिस लेना चाहता/चाहती हूं । अतः मुझे नामांकन वापिस लेने की अनुमति प्रदान करें तथा प्रत्याशियों की सूची से मेरा नाम हटा दिया जावे ।
3. यह निर्णय मैंने सोच-विचार कर, बिना किसी दवाब या भय के लिया है ।

कृपया अनुमति प्रदान करें । धन्यवाद ।

दिनांक एवं समय :

| | |
|---|---|
| हस्ताक्षर : | |
| प्रत्याशी का नाम: | |
| पिता का नाम: | |
| कक्षा, वर्ग : | |
| Student ID No. | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| हस्ताक्षर गवाह-1: | | हस्ताक्षर गवाह-2: | |
| गवाह का नाम: | | गवाह का नाम: | |
| पिता का नाम: | | पिता का नाम: | |
| कक्षा, वर्ग : | | कक्षा, वर्ग : | |
| Student ID No. | | Student ID No. | |

हस्ताक्षर आप्त कर्त्ता अधिकारी

---

## चुनाव कार्यालय

नाम ............................................................. पद ............................................... के प्रत्याशी को इस पद से नाम वापस लेने की अनुमति प्रदान की जाती है

हस्ताक्षर मुख्य निर्वाचन अधिकारी